# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले डीएम ने विभागों से मांगी रिपोर्ट

**जासं, लखनऊ :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले राजधानी में निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के प्रयास तेज हो गए हैं। कौन सा प्रस्ताव किस स्थिति में है सभी विभागों से इसकी रिपोर्ट मांगी गई है।

प्रशासन की कोशिश है कि जेबीसी से पहले कम से कम पचास प्रतिशत प्रस्तावों को एमओयू में बदला जा सके। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने इसके लिए सभी विभागों को स्पष्ट-दिशा निर्देश जारी किए हैं। फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान दो लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए थे, जिनमें एमएसएमई सेक्टर में दो सौ से अधिक हैं। उपायुक्त उद्योग मनोज चौरसिया ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर में

**02** **लाख करोड़ के प्रस्तावों पर हो रहा काम, एमएसएमई सेक्टर में सबसे अधिक प्रस्ताव**

पचास से अधिक प्रस्तावों को हरी झंडी दी जा चुकी है और कई पाइप लाइन में हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले अधिक से अधिक निवेश प्रस्तावों को आगे बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। जिन लोगों को जमीन की दिक्कत सामने आ रही है उनको प्रशासन की मदद से उपयुक्त जमीन भी दिलाने के प्रयास हो रहे हैं। इसके अलावा प्लेज योजना के तहत भी इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। एलडीए भी उपयुक्त जमीनें चिह्नित कर रहा है।